# भारतीय जीवन बीमा निगम

केन्द्रीय कार्यालय, ''योगक्षेम'' जीवन बीमा मार्ग, मुम्बई–400021

## सहायक अभियंता –सिविल / इलेक्ट्रिकल / स्ट्रक्चरल / एमईपी एवं सहायक आर्किटेक्ट की भर्ती और सहायक प्रशासनिक अधिकारी (स्पेशिएलिस्ट) की भर्ती

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), सहायक अभियंता (ए.ई.) –सिविल / इलेक्ट्रिकल / स्ट्रक्चरल / एमईपी एवं सहायक आर्किटेक्ट (ए.ए.) और सहायक प्रशासनिक अधिकारी (स.प्र.अ.) स्पेशिएलिस्ट के पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए। आवेदन की अन्य पद्धति / प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी।

**1. (क) सहायक अभियंता के लिए रिक्तियों की कुल सं.: 50**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण निम्नानुसार है:

| पद | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | ई डब्ल्यू एस | अना. | कुल | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | एलडी | वीआई | एचआई | आईडी/ एमडी |
| एई (सिविल) | 3 | 0 | 6 | 2 | 18 | **29** | 1 | | 1 | |
| एई (इलेक्ट्रिकल) | 1 | 0 | 3 | 1 | 5 | **10** | | | | |
| एई (आर्किटेक्ट) | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | **4** | | | | |
| एई (स्ट्रक्चरल) | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | **4** | | | | |
| एई (इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल–एमईपी इंजीनियर्स) | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | **3** | | | | |
| **कुल** | **6** | **1** | **12** | **5** | **26** | **50** | **1** | | **1** | |

**(ख) सहायक प्रशासनिक अधिकारी (स्पेशिएलिस्ट) के लिए रिक्तियों की कुल सं.: 168**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए रिक्तियां एवं आरक्षण निम्नानुसार है:

| पद | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ. पि. व. | ई डब्ल्यू एस | अना. | कुल | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | एलडी | वीआई | एचआई | आईडी/ एमडी |
| स.प्र.अ. (सीए) | 6 | 3 | 11 | 4 | 16 | **40** | 1 | | 1 | 1 |
| स.प्र.अ. (बीमांकिक) | 4 | 3 | 8 | 3 | 12 | **30** | 1 | | 1 | 1 |
| स.प्र.अ. (विधि) | 7 | 3 | 10 | 4 | 16 | **40** | 1 | 1 | 1 | 2 |
| स.प्र.अ. (राजभाषा) | 1 | 1 | 2 | 0 | 4 | **8** | | 1 | 1 | 2 |
| स.प्र.अ. (आईटी) | 7 | 4 | 14 | 5 | 20 | **50** | 1 | | 1 | |
| **कुल** | **25** | **14** | **45** | **16** | **68** | **168** | **4** | **2** | **5** | **6** |

अ.जा.: अनुसूचित जाति; अ.ज.जा.: अनुसूचित जनजाति; अ.पि.व.: अन्य पिछड़ा वर्ग; ईडब्ल्यूएसः आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; अना.: अनारक्षित; पीडब्ल्यूबीडी: बैंचमार्क दिव्यांगजन; एलडी: चलन दिव्यांगता; वीआई: दृष्टि बाधिता; एचआई: श्रवण बाधिता; आईडी: बौद्धिक दिव्यांगता; एमडी: बहु दिव्यांगता।

रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियां अनंतिम हैं और एलआईसी की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इनमें अंतर हो सकता है।

नोटः उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन करें। एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने पर उसका आवेदन अवैध माना जाएगा।

**बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए आरक्षणः**

"दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016" की धारा 34 के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया गया है। निम्नलिखित श्रेणियों के दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं:

क. **चलन दिव्यांगता (एलडी):** एक हाथ, एक पैर, दोनों पैर, एक हाथ और एक पैर से दिव्यांग बशर्ते की स्वतंत्र गतिशीलता प्रभावित न हो, ऐसे दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं। एई(सिविल) के लिए केवल एक हाथ, एक पैर की दिव्यांगता होने पर ही योग्य हैं। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट अनुसार उपचारित कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, बौनापन, स्नायु कुपोषण एवं एसिड पीड़ित को चलन दिव्यांगता के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

ख. **दृष्टि बाधिता (वीआई):** आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की अनुसूची के अंतर्गत परिभाषित अनुसार दृष्टि बाधित उम्मीदवार आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

ग. **श्रवण बाधिता (एचआई):** आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की अनुसूची के अंतर्गत परिभाषित अनुसार ''सुनने में दिक्कत'' दिव्यांगता वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

घ. **बौद्धिक बाधिता (आईडी):** आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की अनुसूची के अंतर्गत परिभाषित अनुसार बौद्धिक दिव्यांगता, निर्दिष्ट अधिगम दिव्यांगता, मानसिक रूप से बीमार उम्मीदवार आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

ङ. **बहु दिव्यांगता (एमडी):** आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की अनुसूची के अंतर्गत परिभाषित अनुसार उपरोक्त वर्णित एक से अधिक दिव्यांगताओं वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

नोटः दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2(आर) के अंतर्गत परिभाषित अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगजन आरक्षण के लिए योग्य होंगे।

आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में निर्धारित किये गये अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। ऐसा प्रमाणपत्र एलआईसी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार सत्यापन के अधीन होगा।

**2.परीक्षा की समय–सारणी :** परीक्षा की अनुमानित समय–सारणी निम्नानुसार होगी:

| कार्यकलाप | तिथियां |
|---|---|
| आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क / इंटिमेशन प्रभार का ऑनलाइन भुगतान प्रारंभ तिथि | 25.02.2020 |
| **ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क / इंटिमेशन प्रभार ऑनलाइन भुगतान करने की अंतिम तिथि** | **15.03.2020** |
| ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा के लिए कॉल लैटर डाउनलोड करना | 27.03.2020 से 04.04.2020 तक |
| ऑनलाइन परीक्षा–प्रारंभिक (अनुमानित) की तिथियां | 4 अप्रैल 2020 |
| ऑनलाइन परीक्षा–मुख्य की तिथियां | बाद में सूचित किया जाएगा |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि विवरणों एवं नवीनतम जानकारी के लिए अधिकृत एलआईसी वेबसाइट www.licindia.in नियमित रूप से देखते रहें।**

**3. योग्यता शर्तें: 01.02.2020 को योग्यता शर्तें निम्नानुसार होंगी :**

आयु 01.02.2020 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष (पूर्ण) होगी। अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए (जो उम्मीदवार 02.02.1990 से पूर्व और 01.02.1999 के बाद, दोनों दिवस शामिल, पैदा नहीं हुआ हो, केवल वहीं योग्य हैं)। अनुसूचित जाति (अ.जा.) / अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) / अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.) / इमरजेंसी कमीशंड अधिकारी (ईसीओ) / शार्ट सर्विस कमीशंड अधिकारी (एसएससीओ) / बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) / नियमित एलआईसी कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नानुसार होगी:

- अ.जा. / अ.ज.जा. : 5 वर्ष
- पीडब्ल्यूबीडी (सामान्य) : 10 वर्ष
- पीडब्ल्यूबीडी (अ.पि.व.) : 13 वर्ष
- ईसीओ / एसएससीओ (अ.जा. / अ.ज.जा.) : 10 वर्ष
- नियमित एलआईसी कर्मचारी : आगे 5 वर्षों की छूट
- अ.पि.व : 3 वर्ष
- पीडब्ल्यूबीडी (अ.जा. / अ.ज.जा.) : 15 वर्ष
- ईसीओ / एसएससीओ (सामान्य) : 5 वर्ष
- ईसीओ / एसएससीओ (अ.पि.व.) : 8 वर्ष

**शैक्षणिक योग्यता**

क. **एई (सिविल) के लिए :** एआईसीटीई मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से बी.टेक / बी.ई. (सिविल)। उम्मीदवार के पास सभी अपेक्षित अवसंरचना के साथ बहुमंजिला भवन परियोजना की योजना एवं निष्पादन में न्यूनतम तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

ख. **एई (इलेक्ट्रिकल) के लिए :** एआईसीटीई मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से बी.टेक / बी.ई. (इलेक्ट्रिकल)। उम्मीदवार के पास सभी अपेक्षित अवसंरचना के साथ बहुमंजिला भवन परियोजनाओं की योजना एवं निष्पादन में न्यूनतम तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

ग. **सहायक आर्किटेक्ट के लिए :** मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से बी.आर्कि. उम्मीदवार आर्किटेक्चर परिषद के साथ पंजीकृत होना चाहिए और उसके पास सभी सम्बद्ध सेवाओं सहित सभी प्रकार के भवनों की डिजाइनिंग में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार के पास ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन आवश्यकताएं और ऑटोकैड सॉफ्टवेयर और / या समान प्रकार के सॉफ्टवेयर के अनुप्रयोग की जानकारी होनी चाहिए।

घ. **एई (स्ट्रक्चरल) के लिए :** एआईसीटीई मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एम.टेक / एम.ई. (स्ट्रक्चरल)। उम्मीदवार के पास फाउंडेशन सिस्टम सहित ऊंची इमारतों की स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग की जानकारी होनी चाहिए। वह स्ट्रक्चरल डिजाइन एवं फाउंडेशन डिजाइन से संबंधित बीआईएस के विभिन्न मानकों का जानकार होना चाहिए और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग सॉफ्टवेयर जैसे ईटीएबीएस, एसटीएएडी आदि के संचालन में अनुभवी होना चाहिए। पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का प्रायोगिक अनुभव होना चाहिए।

ङ **एई (एमईपी इंजीनियर्स) के लिए :** एआईसीटीई मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से बी.टेक. / बी.ई. (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल)। उम्मीदवार के पास बहुमंजिला भवनों में प्लम्बिंग / पाइपिंग / एचवीएसी सिस्टम, लिफ्ट एवं अग्निशन प्रणाली, इलेक्ट्रिकल सब–स्टेशन की योजना एवं निष्पादन कार्य में न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

च. **स.प्र.अ. (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के लिए :** मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से स्नातक डिग्री और उम्मीदवार ने सनदी लेखाकार संस्थान की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए और सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा प्रस्तुत किये गए अनुसार आर्टिकल्स पूर्ण होने चाहिए। उम्मीदवार भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान का एसोसिएट मैम्बर होना चाहिए। उम्मीदवार को अपनी सदस्यता सं. देनी होगी और इसे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान से सत्यापित किया जाएगा।

छ. **स.प्र.अ. (बीमांकिक) के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री और उम्मीदवार ने योग्यता की तिथि अर्थात् 1 फरवरी, 2020 को भारतीय बीमांकिक संस्थान / इंस्टीट्यूट एंड फैकल्टी ऑफ एक्चुरीज़, यूके द्वारा आयोजित परीक्षा के 6 या उससे अधिक पेपर अनिवार्य रूप से पास किये होने चाहिए। उम्मीदवार को अपनी सदस्यता संख्या प्रस्तुत करनी होगी और इसे भारतीय बीमांकिक संस्थान / इंस्टीट्यूट एंड फैकल्टी ऑफ एक्चुरीज़, यूके द्वारा सत्यापित किया जाएगा।

ज. **स.प्र.अ. (विधि) के लिए :** मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से विधि में स्नातक डिग्री या एलएलएम। तीन वर्ष अदालत में कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।

झ. **स.प्र.अ. (राजभाषा) के लिए :** स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के साथ हिन्दी / हिन्दी अनुवाद में स्नातकोत्तर डिग्री।

या

स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री।

या

स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एवं हिन्दी एक विषय के साथ संस्कृत में स्नातकोत्तर डिग्री।

ञ. **स.प्र.अ. (आईटी) के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से इंजीनियरिंग (कम्प्यूटर साइंस, आईटी या इलेक्ट्रॉनिक्स) में स्नातक डिग्री या एमसीए या एमएससी (कम्प्यूटर साइंस)।

- उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन में वर्णित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार है और वे उपरोक्त योग्यता मापदंडों को पूरा करते हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा योग्यता के लिए किसी समकक्ष शैक्षणिक योग्यता पर विचार नहीं किया जाएगा।
- वर्णित सभी शैक्षणिक योग्यताएं भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त / सरकारी विनियामक द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड से होनी चाहिए और परिणाम 01.02.2020 को या उससे पूर्व घोषित किया होना चाहिए। साक्षात्कार के समय परिणाम 01.02.2020 को या उससे पूर्व घोषित होने के बोर्ड / विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि, जिस पर योग्यता की गणना की जाएगी, वह अंकपत्र / वैकल्पिक प्रमाणपत्र में वर्णित उत्तीर्ण होने की तिथि होगी।
- उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि एक उम्मीदवार के कई आवेदन प्राप्त होते है तो सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा।

**4. पारिश्रमिक एवं लाभ :** नियमों के अनुसार वेतनमान रु. 32795-1610(14)–55335–1745(4)–62315 में मूल वेतन रु. 32795 / – प्रतिमाह एवं नियमों के अनुसार अन्य लागू भत्ते। आवास किराया भत्ता एवं नगर प्रतिपूरक भत्ता आदि जो "ए" वर्ग शहर में शहर के वर्गीकरण पर लागू हो, को मिलाकर न्यूनतम स्केल पर कुल परिलब्धियां लगभग रु. 57,000 / – प्रतिमाह होगी। अन्य लाभों में नियमों के अनुसार परिभाषित अंशदायी पेंशन, ग्रेच्युटी, एलटीसी, नगद चिकित्सा हितलाभ, ग्रुप मेडिक्लेम, समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, समूह बीमा, वाहन ऋण (दोपहिया / चारपहिया), खाने का कूपन, ब्रीफकेस / लैदर बैग की लागत पर प्रतिपूर्ति, मोबाइल हैंडसेट, दैनिक समाचारपत्र एवं पत्रिकाओं की आपूर्ति और चाय / कॉफी, मोबाइल खर्च आदि शामिल है।

योग्यता की तिथि को दो वर्ष योग्यता पश्चात कार्य अनुभव के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के पद के लिए चयनित उम्मीदवार दो अग्रिम इंक्रीमेंट के लिए पात्र हैं।

**5. सेवा शर्तें :** समय–समय में एलआईसी में लागू अनुसार सेवा शर्तें लागू होंगी। विज्ञापित पद नियमित हैं और चयनित उम्मीदवार, नियुक्ति पर भारत में कहीं पर भी नियुक्ति या बाद में स्थानांतरित होने के लिए उत्तरदायी हैं। यह नोट करें कि सहायक अभियंता की अधिकतर रिक्तियां प्रोजेक्ट लोकेशनों के लिए हैं। ऐसे में, चयन एवं सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के बाद उम्मीदवार को किसी भी लोकेशन में नियुक्ति किया जाएगा और जरूरत के आधार पर उसे किसी भी स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा।

**6. परिवीक्षा :** नियुक्ति के बाद उम्मीदवार को नियुक्ति की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा। यह अवधि दो वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।

**7. गारंटी बॉंड :** परिवीक्षाधीन के रूप में कार्यग्रहण करने से पूर्व उम्मीदवार को कार्यग्रहण करने की तिथि से न्यूनतम चार वर्षों की अवधि के लिए एलआईसी में सेवा देने का बचनपत्र देना होगा और ऐसा नही करने पर उसके उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक रु. 500,000 / – मात्र (पांच लाख रुपए मात्र) + जीएसटी या समय–समय पर कार्यपालक निदेशक (कार्मिक) द्वारा निर्धारित राशि के रूप में निर्णीत हर्जाने का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे। देय जीएसटी एवं अन्य कर का उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। उम्मीदवारो को अपनी लागत, निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर एवं नोटोराइज्ड, जो कि राज्य के लिए लागू है, में क्षतिपूर्ति विलेख एवं प्रतिभूति जमा करनी होगी।

अगला पृष्ठ देखें

**8. आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (अ–प्रतिदेय) :** उम्मीदवारों को निम्नानुसार ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करना होगा :

| | |
|---|---|
| **अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए** | सूचना प्रभार रु. 85/- + लेनदेन प्रभार + जीएसटी |
| **अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए** | रु. 700/- आवेदन शुल्क–सह–सूचना प्रभार + लेनदेन प्रभार + जीएसटी |

भुगतान की प्रक्रिया पर विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए "आवेदन कैसे करें" का अवलोकन करें।

**9. चयन प्रक्रिया :** सहायक अभियंता एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी का चयन तीन स्तरीय प्रक्रिया और उसके बाद भर्ती–पूर्व चिकित्सा परीक्ष के माध्यम से किया जाएगा।

**चरण–1: प्रारंभिक परीक्षा :** वस्तुनिष्ठ परीक्षा से शामिल प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। परीक्षा के निम्नानुसार तीन भाग (प्रत्येक भाग के लिए अलग–अलग समय के साथ) होंगे

| अनु-भाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा की पद्धति | न्यूनतम योग्यता अंक | | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी | अन्य | |
| 1 | तार्किक क्षमता | 35 | 35 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 16 | 18 | 20 मिनट |
| 2 | व्याकरण, शब्दावली और समझ पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 30 | 30** | अंग्रेजी | 9 | 10 | 20 मिनट |
| 3 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 35 | 35 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 16 | 18 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **100** | **70** | | | | **1 घंटा** |

** अंग्रेजी भाषा केवल योग्यता प्रकृति की होगी और अंग्रेजी भाषा में अंकों को रैंकिंग के लिए जोड़ा नहीं जाएगा।

प्रत्येक श्रेणी में रिक्तियों की संख्या के 20 गुना बराबर उम्मीदवारों को उपलब्धता के अधीन मुख्य परीक्षा के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा।

**चरण–2: मुख्य परीक्षा :** मुख्य परीक्षा में 300 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा और 25 अंकों के वर्णनात्मक परीक्षा शामिल होगी। वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी। प्रत्येक भाग की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए अलग–अलग समय होगा। उम्मीदवारों को कम्प्यूटर पर टाइपिंग द्वारा वर्णनात्मक परीक्षा का उत्तर देना होगा। वस्तुनिष्ठ परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद वर्णनात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**मुख्य परीक्षा :**

| अनु-भाग | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | न्यूनतम योग्यता अंक | | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी | अन्य | |
| 1 | तार्किक क्षमता | 30 | 90 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 40 | 45 | 40 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान एवं करंट अफेयर्स | 30 | 60 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 27 | 30 | 20 मिनट |
| 3 | व्यावसायिक ज्ञान | 30 | 90 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 40 | 45 | 40 मिनट |
| 4 | बीमा एवं वित्तीय बाजार जानकारी | 30 | 60 | अंग्रेजी एवं हिन्दी | 27 | 30 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **120** | **300** | | | | **2 घंटे** |
| 5 | अंग्रेजी भाषा (पत्र लेखन एवं निबंध)/ एएओ (विधि) के लिए विधिक ड्राफ्टिंग | 2 | 25 '' | अंग्रेजी | 9 | 10 | 30 मिनट |

** अंग्रेजी भाषा आदि की वर्णात्मक परीक्षा केवल योग्यता प्रकृति की होगी और अंग्रेजी भाषा में अंकों को रैंकिंग के लिए जोड़ा नहीं जाएगा।

एलआईसी परीक्षा की पद्धति को संशोधित करने का अधिकार रखता है जिसके बारे में वेबसाइट के माध्यम से सूचना दी जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी सूचना पत्रक में दी जाएगी जो उम्मीदवारों को एलआईसी वेबसाइट **www.licindia.in** के अंतर्गत **"कॅरियर्स"** से कॉल लैटर के साथ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

उम्मीदवार को प्रत्येक भाग अलग–अलग उत्तीर्ण करना होगा और ऑनलाइन परीक्षा (प्रारंभिक एवं मुख्य) तथा साक्षात्कार के लिए योग्यता हेतु न्यूनतम औसत अंक अवश्य प्राप्त करने होंगे। सही एवं गलत उत्तरों की समानता की पहचान करने के लिए अन्य उम्मीदवारों के साथ व्यक्तिगत उम्मीदवारों के प्रतिउत्तर (उत्तर) का विश्लेषण किया जाएगा। यदि इस संबंध में अपनाई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया से यह अनुमान/निष्कर्ष निकलता है कि उत्तरों को साझा किया गया है और प्राप्त स्कोर सही/वैध नहीं है तो एलआईसी संबंधित उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निरस्त करने का अधिकार रखता है और ऐसे उम्मीदवारों का परिणाम (अयोग्य) मानते हुए रोक दिया जाएगा

**प्रत्येक भाग में प्राप्त किये जाने वाले न्यूनतम अंक एवं प्रत्येक भाग के लिए कट–ऑफ अंक तथा औसत अंक एलआईसी द्वारा निर्धारित किये जाएंगे। अंग्रेजी भाषा आदि की वर्णात्मक परीक्षा कोई केवल योग्यता प्रकृति की होगी और इसमें प्राप्त अंकों को रैंकिंग के लिए जोड़ा नहीं जाएगा।**

एलआईसी का निर्णय उम्मीदवारों के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

विभिन्न सत्रों (यदि भाग लेता है) में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त स्कोर समान–प्रतिशत समान विधि का उपयोग करके मानक के अनुसार किया जाएगा।

निम्नलिखित प्रक्रिया के उपयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षा का स्कोर निर्धारित किया जाता है:

(i) उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में सही उत्तर दिये गये प्रश्नों की संख्या के आधार पर स्कोर प्राप्त किया जायेगा।

(ii) समान अंक निर्धारित करने के लिए विभिन्न भागों में आयोजित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कठिनाई स्तर, यदि कोई हो में छोटे अंतर को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये स्कोर को समकक्ष बनाया जाता है'

* सभी प्रारूपों के स्कोर के वितरण पर विचार करते हुए किसी भी परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये स्कोर को समकक्ष बनाया जाता है।

(iii) परीक्षा वार स्कोर और कुल स्कोर को दो अंकों तक दशमलव बिन्दु के साथ दर्ज किया जाता है।

मुख्य परीक्षा में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर ही साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा और मुख्य परीक्षा में प्राप्त किये गये अंकों + साक्षात्कार में प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर उम्मीदवार की अंतिम मैरिट सूची बनाई जाएगी।

**ऑनलाइन परीक्षा के दिशानिर्देश (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)**

उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि निम्नलिखित दस्तावेजों के बिना ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

1) परीक्षा की संबंधित तिथि एवं भाग के लिए वैध कॉल लैटर
2) कॉल लैटर/आवेदन पत्र में दर्ज समान नाम वाला मूल फोटो पहचान पत्र (निर्दिष्ट किये गये अनुसार)
3) फोटो पहचान पत्र की फोटोकॉपी (उपरोक्त (2) में वर्णित अनुसार)

देरी से आने वाले उम्मीदवार अर्थात् परीक्षा के लिए कॉल लैटर में दर्शाये गये उपस्थित होने के समय के बाद आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कॉल लैटर में दर्शाया गया समय परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व का है। यद्यपि, प्रारंभिक परीक्षा की अवधि एक घंटा है। विभिन्न औपचारिकताओं जैसे विभिन्न अपेक्षित दस्तावेजों का सत्यापन एवं संग्रह, लॉगिंग इन, दिशानिर्देश देने आदि को पूरा करने के लिए अपेक्षित समय सहित उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर लगभग तीन घंटे या उससे अधिक रहना पड़ सकता है।

मुख्य परीक्षा के लिए, विभिन्न औपचारिकताओं जैसे विभिन्न अपेक्षित दस्तावेजों का सत्यापन एवं संग्रह, बायोमैट्रिक डाटा संग्रह, लॉगिंग इन, दिशानिर्देश देने आदि को पूरा करने के लिए अपेक्षित समय सहित उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर लगभग चार घंटे या उससे अधिक रहना पड़ सकता है।

**स्क्राइब का इस्तेमाल करने वाले बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए दिशानिर्देश :**

(I) दिव्यांग उम्मीदवार और ऐसे उम्मीदवार जिनकी लेखन की गति किसी कारण से स्थायी रूप से प्रतिकूल रूप से प्रभावित है, वो ऑनलाइन परीक्षा (प्रारंभिक और मुख्य) के दौरान अपने खर्च पर अपने स्क्राइब (लिखने वाला व्यक्ति) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सभी मामलों में जिनमें स्क्राइब का इस्तेमाल किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू किए जाएंगे:

- उम्मीदवार को अपने खर्च पर अपने स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी।
- उम्मीदवार द्वारा लाया गया स्क्राइब समान परीक्षा में उम्मीदवार नहीं होना चाहिए। अगर प्रक्रिया में किसी भी चरण पर उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा। इसके लिए योग्य उम्मीदवार और जो परीक्षा में स्क्राइब की सेवा का इस्तेमाल करना चाहते हैं उन्हें ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में हमेशा ध्यानपूर्वक इसे सूचित करना चाहिए। बाद में किए गए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता।
- एक उम्मीदवार के लिए स्क्राइब का काम करने वाला व्यक्ति किसी दूसरे उम्मीदवार के लिए स्क्राइब नहीं बन सकता है।
- स्क्राइब एलआईसी ऑफ इंडिया का वर्तमान/पूर्व–कर्मचारी नहीं होना चाहिए।
- स्क्राइब की शैक्षणिक स्ट्रीम पद के लिए निर्धारित स्ट्रीम से अलग होनी चाहिए।
- उम्मीदवार और स्क्राइब को एक उपयुक्त अंडरटेकिंग देनी होगी, जो यह पुष्टि करे कि स्क्राइब ऊपर उल्लिखित एक स्क्राइब के लिए निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो। यदि बाद में यह पता चलता है कि उसने कोई पत्रता मानदंड पूरा नहीं किया है या भौतिक तथ्यों को छुपाया है, तो ऑनलाइन परीक्षा के नतीजों पर विचार किए बिना आवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- जो उम्मीदवार स्क्राइब का उपयोग करते हैं, वो परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट या अन्यथा सलाह के अनुसार के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।
- प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों को ही ऐसी छूट की अनुमति दी जाएगी क्योंकि उम्मीदवारों को दिया जाने वाला प्रतिपूरक समय प्रणाली आधारित होगा। प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकरण ना करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के लिए ऐसे छूट की अनुमति देना संभव नहीं होगा।

(II) चलन दिव्यांगता और सेरेब्रल पाल्सी वाले उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश:

चलन दिव्यांगता और मस्तिष्क पक्षाघात वाले उम्मीदवारों को प्रतिपूरक 25 मिनट का समय या अन्यथा सुविचारित की अनुमति दी जाएगी जहां प्रमुख (लेखन) का अग्रांग कार्य के प्रदर्शन को धीमा करने की सीमा तक प्रभावित होता हो (न्यूतम 40 प्रतिशत हानि)।

(III) दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश:

- दृष्टिबाधित उम्मीदवार (जिनमें 40 प्रतिशत से कम की दिव्यांगता नहीं हैं) परीक्षा की सामग्री को बड़े फॉन्ट में देखने का विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी उम्मीदवार परीक्षा के प्रति घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय या अन्यथा सुविचारित के लिए पात्र होंगे।
- परीक्षा के लिए स्क्राइब की सेवा लेने वाले दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को परीक्षा की सामग्री को बड़े फॉन्ट में देखने की सुविधा नहीं दी जाएगी।

(IV) बौद्धिक दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश

40 प्रतिशत से अधिक बौद्धिक दिव्यांगता या बहु दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब की सेवा लेने या ना लेने की स्थिति में परीक्षा के प्रति घंटे बीस मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा।

ये दिशानिर्देश समय–समय पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों/स्पष्टीकरणों में किसी भी परिवर्तन के अधीन हैं। स्क्राइब का उपयोग करते हुए उम्मीदवारों द्वारा घोषणा पत्र संलग्नक–2 के अनुसार है।

**चरण–3: साक्षात्कार** – केवल मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों को साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा

I. रिक्त पदों की संख्या के अनुरूप, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की संख्या को सीमित रखने के उद्देश्य से एलआईसी पात्रता मानदंडों और साक्षात्कार में अर्हता के लिए न्यूनतम अंकों को तय करने का अधिकार रखती है. अधिकतम साक्षात्कार अंक 60 और ईडब्ल्यूएस, अनारक्षित, ओबीसी के लिए अर्हता अंक 30 हैं। एससी/एसटी बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए अर्हता अंक 27 हैं। जो उम्मीदवार एलआईसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त नहीं करते हैं, उनके आगे की चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा। इस संबंध में एलआईसी का निर्णय सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

II. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की उपलब्धता के अधीन होने वाली रिक्तियों की संख्या से लगभग तीन गुना होगी और पूर्णतः उनकी संबंधित श्रेणी में उनकी रैंकिंग के अनुसार होगी।

III. दो या अधिक उम्मीदवारों के एक समान अंक आने की स्थिति में, उम्मीदवारों के ऐसे समूह का योग्यता क्रम मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार में कुल अंकों के अनुसार होगा और इसके बाद उनकी अतिरिक्त स्नातकोत्तर योग्यता (यानि उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति को योग्यता क्रम मे ऊंचा स्थान दिया जाएगा) के अनुसार होगा। शैक्षणिक योग्यता में भी समानता होने पर योग्यता क्रम उम्र के आधार पर तय किया जाएगा (यानि आयु में वरिष्ठ होने पर योग्यता क्रम में ऊंचा स्थान दिया जाएगा)। एलआईसी समान अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में लेने के लिए बाध्यकारी नहीं है। अधिसूचित रिक्तियों के अनुसार ही उम्मीदवारों को लिया जाएगा।

IV. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवार अपने निवास स्थान से साक्षात्कार के स्थान तक छोटे से छोटे मार्ग पर दूसरी श्रेणी सामान्य के आने–जाने के रेलवे/बस के किराये की प्रतिपूर्ति के हकदार होंगे, जिसे आरक्षण शुल्क सहित रेलवे दूसरी श्रेणी स्लीपर के किराये तक सीमित रखा जाएगा।

V. मुख्य सूची में सफल घोषित न किए गए उम्मीदवारों के लिए कोई संभावित/प्रतीक्षा सूची नहीं होगी।

मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मैरिट सूची तैयार की जाएगी।

अगला पृष्ठ देखें

**भर्ती–पूर्व चिकित्सकीय परीक्षाः**

अंतिम मेरिट सूची में चयन किए गए उम्मीदवारों को भर्ती पूर्व चिकित्सकीय परीक्षा से गुजरना होगा और चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने पर ही उन्हें नियुक्ति की पेशकश की जाएगी।

**अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण** : परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद अपना नाम एवं अन्य विवरण अपने लिए सुविधाजनक एलआईसी के मंडल कार्यालय के साथ पंजीकृत करा सकते हैं। मडल कार्यालय पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रशिक्षण की तिथि और समय के बारे में सूचित करेगा। ऐसे उम्मीदवारों को नियत तिथियों पर और उन्हें सलाह दी गई जगह पर अपनी खर्चे पर प्रशिक्षण लेना होगा। उम्मीदवारों को एलआईसी के मंडल कार्यालयों के पते देखने के लिए वेबसाइट पर "करियर" टैब देखने की जरूरत है।

**10. कदाचार के खिलाफ कार्रवाई :**

I. उम्मीदवारों को उनके अपने हित में यह सलाह दी जाती है कि उन्हें कोई भी गलत सूचना नहीं देनी चाहिए और दस्तावेजों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

II. परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित किए जाने वाले परिसर में मोबाइल फोन, पेजर, कैलकुलेटर या इस तरह की किसी भी डिवाइस का उपयोग प्रतिबंधित है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ मोबाइल सहित इस तरह की कोई भी निषिद्ध सामग्री परीक्षा केंद्र में लेकर न आएं क्योंकि इसे सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

III. भर्ती के किसी भी चरण में अगर कोई उम्मीदवार निम्न मामलों में दोषी पाया जाता है–

(क) परीक्षा या साक्षात्कार के समय कोई अनुचित साधानों का उपयोग करना

(ख) किसी व्यक्ति के द्वारा दूसरे का वेश धारण करके परीक्षा देना

(ग) परीक्षा केंद्र/साक्षात्कार केंद्र पर दुर्व्यवहार करना

(घ) चयन प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी गलत साधन (अनियमितता) का उपयोग करना

(ड़) अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी भी तरह से समर्थन प्राप्त करना, इसके अलावा अगर किसी तरह के आपराधिक मामले के लिए जिम्मेदार हैं, तो उसेः

i) परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।

ii) एलआईसी के द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा के लिए कोई विशेष अवधि या फिर हमेशा के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।

iii) अगर ऐसा कोई कदाचार वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान सामने नहीं आ सका और इसकी जानकारी बाद में हुई, तो उसे पूर्वव्यापी प्रभाव से अयोग्य घोषित किया जाएगा।

**11. बायोमैट्रिक डाटा – प्राप्त करना और सत्यापन**

निम्नलिखित चरणों में भर्ती की प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों का बायोमेट्रिक डेटा (दाएं अंगूठे का निशान या अन्य) और उनकी तस्वीर लेने और उसे सत्यापित करने का निर्णय लिया गया हैः

(i) मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले और मुख्य परीक्षा समाप्त होने के बाद हॉल/लैब छोड़ने से पहले

(ii) साक्षात्कार से पहले दस्तावेज के सत्यापन के समय

(iii)) प्रशिक्षण/कार्यग्रहण के लिए आने के समय

उम्मीदवारों के लिए बायोमेट्रिक डेटा प्राधिकरण का (मैच होना या नहीं होना) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में जिन उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक मैच नहीं होंगे, उन्हें भर्ती के अगले चरण में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

उपरोक्त अवसरों पर बायोमेट्रिक कैप्चरिंग/सत्यापन में शामिल होने से इनकार करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।

यदि उंगलियों पर किसी तरह का लेप (स्याही/मेंहदी/रंग आदि) लगा है, तो उसे पूरी तरह से धो लें ताकि परीक्षा/साक्षात्कार/ज्वाइन करने की तिथि से पहले लेप पूरी तरह से खत्म हो जाए।

अगर उंगलियां गंदी है तो फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) देने के समय उन्हें अच्छी तरह से साफ कर सूखा लें।

यह सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां पूरी तरह से सूखी हों। अगर उनमें नमी है, तो हर उंगली को अच्छी तरह से पोछ कर सुखा लें।

अगर कैप्चर की जाने वाली प्राथमिक उंगली (दाहिना अंगूठा) चोटिल/क्षतिग्रस्त है, तो तुरंत जांच केंद्र के संबंधित प्राधिकरण को सूचित करें। ऐसे मामलों में अन्य उंगलियों, पैर की उंगलियों आदि की छाप को लिया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें कि ऊपर वर्णित अवसरों के अलावा, एलआईसी अन्य चरणों में भी उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक डेटा को कैप्चर करने/सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**12. आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवार 25.02.2020 से 15.03.2020 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा।
